उत्तर प्रदेश शासन
वन अनुभाग-2
संख्या-3488/14-2-2014
लखनऊ : दिनांक 15 नवम्बर, 2014

संयुक्त सचिव,
मुख्यमंत्री कार्यालय

मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 12-12-2012 को जनपद एटा के भ्रमण के दौरान की गयी घोषणाओं के क्रियान्वयन सम्बन्धी वन विभाग से सम्बन्धित घोषणाओं के विषय में कृत कार्यवाही की अद्यतन सूचना अवगत कराये जाने विषयक अपने अशासकीय पत्र संख्या-सी0एम0/वि0 को0/एम/3006709/2013 दिनांक 09-07-2013 सं0-मु0म0स0-59/34-3/घो0/23013 दिनांक 08 जुलाई 2013 का पत्र सं0-सी0एम0/वि0 को0/326329/2013 दिनांक 12-08-2013 पत्र सं0-मु0म0स0/1066/34-3/घो0/13ए0 वाई'44/2012, दिनांक 10-12-2013 सं0-मु0म0स0/1183/34-घो0/2013 27 दिसम्बर, 2013 तथा मु0म0स0/153/34-घो0/2014 दिनांक 21 अपैल, 2014 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें। तत्क्रम में वन अनुभाग-2 के अशासकीय पत्र सं0-1900/14-23-2014 दिनांक 01-07-2014 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में अनुरोध है कि वन विभाग से सम्बन्धित घोषणाओं की अद्यतन स्थिति निम्नवत है :-

(1) महिला जनपद-एटा में अलीगंज क्षेत्र में छात्राओं के लिये राजकीय महिला डिग्री कालेज की स्थापना।
प्रभागीय निदेशक एटा के पत्र दिनांक 17-10-2014 (छायाप्रति संलग्न) के माध्यम से अवगत कराना है कि उक्त कार्य हेतु क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी को ग्राम समाज की भूमि उपलब्ध करा दी गयी है। जिसे राजस्व अभिलेखों में दर्ज करा दिया गया है। प्रस्ताव के विभाग (उच्च शिक्षा) को उक्त कार्य कराने के लिये अब वन भूमि की आवश्यकता नही है। कृपया उक्त घोषणा को समाप्त कराने का कष्ट करें।

(2) जनपद-एटा में प्रस्तावित स्पोर्ट स्टेडियम व महिला विद्यालय का प्रस्ताव नोडल अधिकारी, के पत्र दिनांक 09-10-2014 के माध्यम से शासन में प्राप्त हुआ था। प्रस्ताव परीक्षोपरान्त मा0 मुख्यमंत्री जी का अनुमोदन प्रदान कर दिया जाय। तदोपरान्त मुख्य वन संरक्षक, (केन्द्रीय), पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन

http:shasanadesh.up.nic.in/go/intra

मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ, को शासन के पत्र दिनांक 03-11-2014 (छायाप्रति संलग्न) के माध्यम से भेज दिया गया है। कृपया भारत सरकार द्वारा विधिवत आदेश प्राप्त होने पर अग्रतर कार्यवाही की जायेगी। कृपया उक्त घोषणाओं को समाप्त कराने का कष्ट करें।

3- जनपद-एटा में तहसील अलीगंज में मंण्डी परिषद की स्थापना तथा अलीगंज में फायर स्टेशन के निर्माण के सम्बन्ध में मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी लखनऊ से अद्यतन सूचना मांगी जा रही है। सूचना प्राप्त होते ही अग्रतर कार्यवाही की जायेगी।

भवदीय,

(एम0एल0 शुक्ला)
अनुसचिव।

http:shasanadesh.up.nic.in/go/intra